>

title: Regarding speedy completion of Banihaal Kazigund Tunnel in Kashmir.

श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग) : जनाब स्पीकर साहब, मैं जम्मू कश्मीर से हूं । जम्मू कश्मीर के बारे में बहुत अच्छी बातें कही जाती हैं । कोई उसे धरती पर स्वर्ग का नाम देता है, कोई मुल्क का ताज कहता है, तो कोई मुल्क का दिल कहता है, लेकिन हकीकत यह है कि कश्मीर सारे मुल्क से तकरीबन हर माह दस या दस से ज़्यादा दिन तक कटा रहता है ।

जनाब, नैशनल हाइवे की जो हालत है, वह अबतर है । वहां पिछले तीन सालों से बनिहाल-काज़ीगुंड टनल बन रही है, लेकिन वह मुकम्मल नहीं हो रही है । कल रामबन में एक दर्दनाक वाकया हुआ, एक व्हीकल के एक्सीडेंट में तीन बच्चे मारे गए । यह एक दिन की बात नहीं है, ऐसा रोज होता है । रामबन और बनिहाल का जो सैक्टर है, उसमें पिछले तीन सालों से कोई इंप्रूवमेंट, कोई अच्छाई, कोई रिलीफ दिखता नहीं है । न ही बनिहाल-काज़ीगुंड टनल के काम में भी कोई इंप्रूवमेंट दिखती है और न ही उसके बनने की कोई तारीख मुकर्रर की जा रही है । इससे यह होता है कि यही जो एक रास्ता है, वह कट जाता है । इस कारण दिल्ली-दुबई से दिल्ली-श्रीनगर की हवाई सफर की टिकट ज़्यादा होती है ।

अभी हमने देखा कि सिविल एविएशन के मिनिस्टर साहब जवाब दे रहे थे । ऐसा लगा कि वे गरीब की बात करने के बजाय, जो एयर ट्रैवल कंपनीज़ हैं, उनका इत्तेफाक कर रहे हैं । मेरी यह गुज़ारिश है कि बनिहाल-काज़ीगुंड टनल और बनिहाल-रामबन सैक्टर के मुकम्मल होने के लिए एक समय सीमा दी जाए, ताकि यह वादी जो मुल्क से कटी रहती है, यह कम हो । दूसरी बात है कि जब तक यह कार्य पूरा न हो, तब तक मुगल रोड को ज़्यादा मुस्तहकम किया जाए, जिससे वहां के यातायात को इंप्रूव किया जा सके । शुक्रिया ।